अबू धाबी पोर्ट्स ने विश्व की पहली मानवरहित स्वनियंत्रित व्यावसायिक टगबोट विकसित करने के लिए रॉबर्ट एलन लिमिटेड के साथ गठबंधन किया

माननीय फलाह अल अह्बाबी : इस क्षेत्र के समुद्री परिचालनों के डिजिटलीकरण की दिशा में अबु धाबी का अग्रणी दखल

अबु धाबी, संयुक्त अरब अमीरात --(बिज़नस वायर)–7 फरवरी, 2020

अबू धाबी पोर्ट्स ने आज वैश्विक व्यावसायिक समुद्री जहाज डिज़ाइनर और टगबोट लीडर, रॉबर्ट एलन लिमिटेड के साथ समझौता किया है, जिसके तहत विश्व के प्रथम मानवरहित स्वनियंत्रित व्यावसायिक समुद्री टग्स (कर्षण नौका) का निर्माण किया जाएगा।

निर्माण के बाद, इन टग्स को अबु धाबी पोर्ट्स की समुद्री सेवा इकाई, सफीन में शामिल होगा, जो विश्वस्तरीय सेवा जहाज़ों के विस्तारित हो रहे बड़े की देखभाल करती है। इस नवाचारी डिजाईन के प्रमुख फायदों में से एक में बढ़ी हुयी क्षमता शामिल है। यह ऑन-बोर्ड से ऑन-शोर मानव तत्व का बदलाव है जिससे इस प्रकार के जहाज़ों को बेहद ज्यादा प्रतिकूल मौसम में भी ऑपरेट करने में आसानी होगी। इसके अलावा, इस नयी प्रौद्योगिकी से कार्यदक्षता में वृद्धि और परिचालनगत सुरक्षा में सुधार होगा।

अबु धाबी पोर्ट्स कनाडा के सबसे पुराने और निजी स्वामित्व की नेवल आर्किटेक्चरल और मरीन इंजीनियरिंग कंपनियों में से एक के साथ दूरस्थ-नियंत्रित समुद्री टग (कर्षण नौकाओं) का अनुसंधान और विकास पर काम करेगा। ये टग्स पूरी तरह मानव रहित होंगे और व्यापक रूप से स्वनियंत्रण के दायरे में परिचालन करेंगे।

इन दो कंपनियों ने हाल में इस सम्बन्ध में लन्दन में इंटरनैशनल मेरीटाइम आर्गेनाइजेशन के सम्मलेन में समझौता ज्ञापन निष्पादित किया है।

अबु धाबी पोर्ट्स के चेयरमैन, माननीय फलाह मोहम्मद अल अह्बाबी ने कहा कि : “हमारे नेतृत्वकारी मार्गदर्शन के अनुरूप यह समझौता हमारे डिजिटल रूपांतरण का एक महत्वपूर्ण पड़ाव

है। साथ ही इससे क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर डिजिटल नवाचार के अग्रणी केंद्र के रूप में अबु धाबी के अमीरात की प्रतिष्ठा को मजबूत करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि होती है। अबु धाबी पोर्ट्स के लिए इस क्षेत्र के मेरीटाइम परिचालनों को डिजिटलाइज करने की दिशा में अग्रणी भूमिका निभाना सर्वोच्च प्राथमिकता है, और हम इस सेक्टर के लिए एक प्रवर्तनकारी मॉडल प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है। डिजिटल समाधानों को अपनाना और ग्लोबल व्यापार की बदलती माँग के साथ चलना, आर्थिक विकास के मुख्य वाहक साबित हुए हैं और एक स्मार्ट पोर्ट बनने के हमारे लक्ष्य की प्राप्ति का अभिन्न हिस्सा हैं।

"उद्योग के विशेषज्ञों के साथ समाधानों का विकास और रणनीतिक सहयोग के निर्माण से दुनिया भर में मेरीटाइम परिचालनों में प्रतिमान परिवर्तन हासिल करने में मदद मिलेगी।"

अबु धाबी पोर्ट्स ग्रुप के सीईओ, कप्तान मोहम्मद जुमा अल शमिसी ने कहा कि, "श्रेष्ठतर क्षमताओं और आधुनिक टेक्नोलॉजी से सुसज्जित टगबोट की नयी पीढ़ी का विकास करने के लिए रॉबर्ट एलन के साथ हमारे सहयोग में हमारी वह प्रतिबद्धता झलकती है कि अबु धाबी पोर्ट्स का इंफ्रास्ट्रक्चर अत्याधुनिक स्तर का है। हम समुद्री व्यापार और पोर्ट कम्युनिटी और अपने मूल्यवान ग्राहकों को स्मार्ट और नवाचारी डिजिटल समाधान मुहैया करने के लिए बातचीत चला रहे हैं। यह समझौता हमारे डिजिटल भण्डार में एक और गुणवत्तापूर्ण वृद्धि है, इससे प्रदर्शन, कार्यकुशलता, उत्पादकता, पारदर्शिता और सुरक्षा में सुधार होगा और खर्चों में कमी आयेगी। तकनीक और उन्नत इंफ्रास्ट्रक्चर में हमारे लगातार निवेशों से हमारे व्यवसाय की वृद्धि और संवहनीयता सुनिश्चित होती है और अबु धाबी के ज्ञान-आधारित अर्थतंत्र के विविधीकरण की दिशा में हमारा योगदान बढ़ता है।

समझौता ज्ञापन के विषय में **रॉबर्ट एलन लिमिटेड के प्रेसिडेंट और सीईओ, माइक फिट्ज़पैट्रिक** ने कहा कि, "इस पहल में अबु धाबी पोर्ट्स के साथ सहयोग करके हम बेहद रोमांचित अनुभव कर रहे हैं। इस सहयोग से हमें व्यावसायिक क्षेत्र के लिए विश्व की दूरस्थ-संचालित टगबोट का पहला बड़ा विकसित करने का इष्टतम अवसर मिल रहा है। इस प्रोजेक्ट का विशिष्ट पहलू यह है कि इसमें अबु धाबी में और युएई में विभिन्न हिस्सेदारों की सक्रिय सहभागिता है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि हम इन जहाज़ों के निर्माण से व्यावसायिक परिचालनों की और सहजतापूर्वक आगे बढ़ेंगे।"

"रॉबर्ट एलन लिमिटेड अनेक वर्षों से मानवरहित टगबोट की तकनीकी चुनौतियों के समाधान पर काम कर रहा है, लेकिन किसी तरह हम अबू धाबी पोर्ट्स के साथ इस तरह के अवसर के बगैर एक व्यावसायिक निर्माण की दिशा में आगे नहीं बढ़ पाते।"

***स्रोत : एईटोसवायर**

संपर्क :
अबू धाबी पोर्ट्स
सना मादद
media@adports.ae

घोषणा (अस्वीकरण): इस घोषणा की मूलस्रोत भाषा का यह आधिकारिक, अधिकृत रूपांतर है। अनुवाद सिर्फ सुविधा के लिए मुहैया कराए जाते हैं और उनका स्रोत भाषा के आलेख से संदर्भ लिया जा सकता है और यह आलेख का एकमात्र रूप है जिसका कानूनी प्रभाव हो सकता है।

Source: Abu Dhabi Ports

Powered by BusinessWire